RAF SECTOR
NEWS CLIP
18/01/2023

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Pioneer Samachar Seva, New Delhi/Meerut, (UP)

रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारी रैपो में लेंगे प्रशिक्षण

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली/मेरठ

रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारियों को भीड़ नियंत्रण/लोक व्यवस्था प्रबंधन की विभिन्न तकनीकों में प्रशिक्षित करने के लिए द्रुत कार्य बल लोक व्यवस्था अकादमी (रैपो), मेरठ में विशेष प्रशिक्षण का संचालन किया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में रेलवे सुरक्षा बल के 15 अधिकारियों के लिये द्रुत कार्य बल, लोक व्यवस्था अकादमी, मेरठ में 02 सप्ताह का लोक व्यवस्था प्रबंधन से संबंधित प्रशिक्षण दिनांक 16 से 30 जनवरी तक संचालित किया जाएगा।

रैपो मेरठ के प्रांगण में सोमवार 16 जनवरी को प्रशिक्षण का शुभारंभ अखिलेश कुमार सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक, रपा द्वारा किया गया। इस अवसर पर अखिलेश कुमार सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए इस प्रकार के प्रशिक्षणों को देश की वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए अत्यंत उपयोगी बताया मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत ये प्रशिक्षणार्थी अपने विभाग में वापस जाने के उपरांत कानून एवं व्यवस्था तथा लोक व्यवस्था प्रबंधन ड्यूटियों के दौरान आने वाली चुनौतियों का दक्षतापूर्वक सामना करने में सफल होंगे।

इससे पहले भी वर्ष 2022 के दौरान रेलवे सुरक्षा बल के कुल 190 कार्मिकों को भीड़ नियंत्रण से संबंधित प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया था। वर्तमान में रेलवे सुरक्षा बल के 41 कार्मिकों को भी प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि गृह मंत्रालय (भारत सरकार) के प्रयासों के फलस्वरूप स्थापित भारत के एक मात्र दंगा नियंत्रण एवं प्रबन्धन संस्थान, द्रुत कार्य बल, लोक व्यवस्था अकादमी (रैपो) मेरठ अखिलेश कुमार सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक के कुशल मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। इस अवसर पर श्याम लाल, हरीश चन्द्र सिंह नेगी, प्रमोद कुमार सिंह, गोविन्द सिंह नेगी, अजीत कुमार व अन्य प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

रेलवे सुरक्षा बल के जवान लेंगे रैपो में प्रशिक्षण

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली/मेरठ

रेलवे सुरक्षा बल के जवान भीड़ को काबू करने का प्रशिक्षण लेंगे। मेरठ के वेदव्यासपुरी स्थित लोक व्यवस्था अकादमी (रैपो) में रेलवे सुरक्षा बल के 40 कार्मिकों का चार सप्ताह का भीड़ नियंत्रण प्रशिक्षण सोमवार से हुआ जो 6 फरवरी तक चलेगा। इसके अतिरिक्त एक सप्ताह का विशेष टीयर स्मोक मुनेशन से संबंधित प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसमें रेलवे सुरक्षा बल के कुल 80 अधिकारी/कार्मिक भाग ले रहे हैं। उक्त प्रशिक्षण के दौरान इन अधिकारियों, कार्मिकों को भीड़ नियंत्रण तथा कानून एवं व्यवस्था की ड्यूटियों के दौरान इस्तेमाल होने वाले लैस लीथल वैपन एवं मुनेशन की जानकारी व अभ्यास कराया जायेगा।

प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन रैपो मेरठ में 9 जनवरी को अखिलेश कुमार सिंह पुलिस उपमहानिरीक्षक रैपो द्वार किया गया। इस अवसर पर सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को इस प्रकार के प्रशिक्षणों को देश की वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए अत्यंत उपयोगी बताया। प्रशिक्षणार्थियों को भीड़ नियंत्रण, लोक व्यवस्था प्रबन्धन के सभी तकनीकी पहलुओं, भीड़ की मनोवैज्ञानिकता, पुलिस पब्लिक व्यवहार, साम्प्रदायिक सदभाव, फायर फायटिंग तकनीक, लेस लीथल वेपन, मुनेशन हैण्डलिंग, नए विशेष उपकरणों से परिचय कराया जाएगा।

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।